INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII-2nd Lang.	Department: Hindi	Class Work
Worksheet No: 12	Topic: अपठित गद्यांश	Note: Pl File in portfolio

प्रश्न-दिए गए गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए|

जब कोई नवयुवक अपने घर से बाहर निकलकर बाहरी दुनिया में अपनी स्थिति जमाना चाहता है, तब पहली कठिनाई उसे मित्र चुनने में आती है। यदि उसकी स्थिति बिल्कुल एकांत नहीं रहती तो उसकी जान-पहचान के लोग धड़ाधड़ बढ़ते जाते हैं और थोड़े ही दिनों में कुछ लोगों से उसका मेलजोल हो जाता है। यही मेलजोल आगे चलकर मित्रता के रूप में परिवर्तित हो जाता है। मित्रों के चुनाव की उपयुक्तता पर उसके जीवन की सफलता निर्भर हो जाती है, क्योंकि संगति का बड़ा भारी प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ता है। नवयुवक ऐसे समय में समाज में प्रवेश करके अपना कार्य आरंभ करते हैं, जबकि उनका चित्त कोमल होता है और हर तरह के संस्कार ग्रहण करने योग्य रहता है। वे लोग कच्ची मिट्टी के समान रहते हैं, जिसे जो जिस रूप में चाहे, उस रूप में ढाले, चाहे दानव बनाए, चाहे देवता। ऐसे लोगों का साथ करना हमारे लिए बुरा है, जो हमसे अधिक दृढ़ संकल्प के हैं, क्योंकि हमें उनकी हर बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है। पर ऐसे लोगों का साथ करना और भी बुरा है, जो हमारी ही बात को ऊपर रखते हैं, क्योंकि ऐसी दशा में न तो हमारे ऊपर कोई नियंत्रण रहता है और न हमारे लिए कोई सहारा रहता है।

प्रश्नः1 घर से बाहर निकले नवयुवक के सामने क्या समस्या आती है और क्यों?

उत्तर:- --

प्रश्नः2 जीवन की सफलता किस बात पर निर्भर करती है और क्यों?

उत्तर:---

------- --

प्रश्नः3 समाज में प्रवेश करते समय व्यक्ति की दशा कैसी होती है? ऐसे में उसे क्या सावधानी बरतनी चाहिए?

उत्तर:---

प्रश्नः4 'वे लोग कच्ची मिट्टी के समान रहते हैं'-से लेखक का क्या आशय है?

उत्तर:---

प्रश्नः5 दिए गए गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए|

उत्तर:---